**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**27.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे**

**प्रधानमंत्री–4 जी सेवा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ओड़ीसा से बी.एस.एन.एल की 4–जी सेवा का शुभारम्भ करेंगे। शिमला के कुफरी, धर्मशाला के भंगोटू से इसका सीधा प्रसारण किया जायेगा। प्रदेश में एक हजार 9 सौ 12, 4–जी के टावर लगाये गए हैं। बी.एस.एन.एल ने टी.सी.एस के साथ मिलकर स्वदेशी 4 जी तकनीक बनाई है जो 5–जी में भी अपग्रेड हो सकेगी।

**मुकेश अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में पिछले तीन वर्ष में प्राकृतिक आपदा से जल शक्ति विभाग की 46 हजार 917 जगह स्कीमें खराब हुई जिसमें 4 हजार 150 करोड़ का नुकसान विभाग को हुआ है। कल राज्य सचिवालय में अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि 424 करोड़ रुपए मेनटेनेंस के लिए वित्त विभाग से मांगे गए हैं और एक हजार 227 करोड़ जल जीवन मिशन के अर्न्तगत सरकार से मिलना है।

**बाइट.... मुकेश अग्निहोत्री, उप–मुख्यमंत्री**

उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि जल शक्ति विभाग में अब किसी भी कर्मचारी की ठेकेदारों के माध्यम से भर्तियां नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि विभाग में 4 हजार 858 पदों पर भर्ती की जाएगी। बैठक में करुणामूल्क आधार पर 505 प्रस्तावों को भी मंजूर किया गया।

**न्यायाधीश**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वरिष्ठ अधिवक्ता जियालाल भारद्वाज व रोमेश वर्मा को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्ति कर दिया है। सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम ने 15 सितंबर को आयोजित बैठक में इन्हें न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, जिस पर अब राष्ट्रपति ने अपनी मंजूरी दे दी है। जियालाल भारद्वाज जिला सोलन के अर्की तथा रोमेश वर्मा जिला शिमला के सुन्नी से संबंध रखते हैं।

**सेवा पर्व**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत की सांस्कृतिक यात्रा जीवंत, परंपराओं से जुड़ी और दुनिया के लिए खुली रही है। विदेशों से चुराई गई मूर्तियों और पवित्र अवशेषों को वापस लाने, लंबे समय से खोई हुई प्राचीन वस्तुओं को प्राप्त करने तक, यह सांस्कृतिक पुनरुत्थान और खोई हुई चीज़ों को वापस लाने की कहानी है। वर्ष 2014 से अब तक 642 चुराई गई प्राचीन वस्तुओं का पता लगा कर वापस लाया जा रहा है। इस वर्ष की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व के भगवान बुद्ध के पिपरहवा अवशेष की वापसी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस आयोजन को 'भारतीय विरासत के लिए एक खुशी का दिन' बताया है।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 28 सितम्बर को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 126वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय व सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

**नवरात्र**

शारदीय नवरात्रि के पांचवें दिन आज माँ दुर्गा के स्कन्द माता स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि स्कन्दमाता भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। इन्हें मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता के रूप में पूजा जाता है। शास्त्रों में मां स्कंदमाता की आराधना का काफी महत्व बताया गया है।

**और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.....**

अमर उजाला का शीर्षक है– **हिमाचल में आपदा प्रभावितों को बैंक भी देंगे राहत, कमेटी एक हफ्तें में तैयार करेगी प्रस्ताव।**

पंजाब केसरी की सुर्खी है– **पी.एम. किसान सम्मान निधि जारी, हिमाचल के 8 लाख एक हजार 45 किसानों के खाते में आए 160 करोड़ 21 लाख रूपये।**

**हिमाचल दस्तक की एक खबर है– 15वें वित्त आयोग से हिमाचल प्रदेश की पंचायतों को लगभग 68 करोड़ आबंटित।**

**दैनिक जागरण राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के हवाले से लिखता है– कैबिनेट के निर्णयों के कार्यान्वयन में देरी पर चेतावनी।**

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है सुबह 11 बजे। नमस्कार।

––––––––––––––––